# रंग रंगीला फागुन | By Khushboo Mohta |

**रंग रंगीला फागुन का ये**
**ऐसा रंग चढ़ा है**
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
**बोलते श्याम श्याम श्याम**
**जय श्री श्याम श्याम श्याम**

**केसरिया ही रंगी है धरती**
**देखो जिधर नज़ारे**
गांव गांव और नगर नगर से
नंगे पांव पधारे
**जय श्री श्याम के नारों से ये**
**सारा जहाँ गूंजा है**
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
**बोलते श्याम श्याम श्याम**
**जय श्री श्याम श्याम श्याम**

**रंग रंगीली ध्वजा हाथ में**
**जिधर भी नज़र पसारे**
एक दूजे के संग में नाचे
होकर श्याम दीवाने
कोई बजाए ढोल नगाड़े
कोई चंग बजाता
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
**बोलते श्याम श्याम श्याम**
**जय श्री श्याम श्याम श्याम**

**रिंगस से खाटू तक दिखते**
**भक्तों के ही रेले**
साँवरिया है संग में इनके
कोई नहीं अकेले
**जिसकी होती जैसी मुरादें**
**पल भर में पा जाता**
लेकर के निशान हाथ में
संग परिवार चला है
**बोलते श्याम श्याम श्याम**
**जय श्री श्याम श्याम श्याम**

**खुशबू तेरे दर पर आकर**
**गाए श्याम तराने**
सत्य के घर आ जाओ ना
कर के कोई बहाने
**तेरी दया पे इतरावे है**
**मोटा कुटुंब सारा**
लेकर के निशान हाथ में

संग परिवार चला है
**बोलते श्याम श्याम श्याम**
**जय श्री श्याम श्याम श्याम**

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%a8-by-khushboo-mohta/